वर्ष-01, अंक-168
छपरा
शुक्रवार 19 अप्रैल 2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

गिरिराज सिंह हिंदू-मुसलमान और मंदिर-मस्जिद करते हैं:

# तेजस्वी बोले- हम दिलाएंगे बेरोजगारी से आजादी, बीजेपी की गारंटी चाइनीज सामान जैसी

**बेगूसराय,एजेन्सी।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा है कि भारत को अंग्रेजों से आजादी 1947 में ही मिल गई थी। इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो हम बेरोजगारी से आजादी दिलाएंगे। रक्षाबंधन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष बहनों को एक-एक लाख रुपया देंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि बेगूसराय के वर्तमान सांसद गिरिराज सिंह सिर्फ हिंदू-मुसलमान और मंदिर-मस्जिद करते हैं। इनके पास कोई उपलब्धि नहीं है। वो केवल नफरत पैदा करते हैं। बेगूसराय में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश कुमार राय के नामांकन के अवसर पर आईटीआई मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बेगूसराय के वर्तमान सांसद गिरिराज सिंह सिर्फ हिंदू-मुसलमान और मंदिर-मस्जिद करते हैं।इसके लिए बेगूसराय से अवधेश राय को जीतना जरूरी है। अवधेश राय जीत गए तो बड़ा बदलाव होगा। हम बेगूसराय में दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना करेंगे।





### अग्निवीर स्कीम भी खत्म करेंगे

गिरिराज सिंह के पास कोई उपलब्धि नहीं है, वह सिर्फ नफरत पैदा करके वोट लेना चाहते हैं। समाज में जहर बांटने का काम कर रहे हैं यह काम उन्हें बंद करना चाहिए। हम सभी जाति-धर्म का सम्मान करते हैं। अनेकता में एकता ही हमारी और ताकत है। उनकी गारंटी चीनी माल वाली है, हम अग्निवीर स्कीम भी खत्म करेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में जब हम गठबंधन में आए तो नौकरी की चर्चा की। इस पर चाचा ने कहा था कि पैसा कहां से लाओगे, हमने मैनेजमेंट किया और 5 लाख लोगों को नौकरी दी। आरक्षण बढ़ाया, टूरिज्म पॉलिसी को बढ़ाया, साढ़े चार लाख नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी बनाया। अगर अगर चाचा नहीं पलटते तो 10 लाख को नौकरी देते, हमारे जाते ही सब कुछ बदल गया।

बेगूसराय के वर्तमान सांसद गिरिराज सिंह कभी भी रोजी, रोजगार, किसान, मजदूर, शिक्षा, गरीबी और निवश की चर्चा नहीं करते हैं। क्योंकि उनके पास कहने के लिए कुछ है ही नहीं।

### EC पहुंचा तेजस्वी की सभा में गाली देने का मामला

## NDA नेताओं ने की केस दर्ज करने की मांग; तेजस्वी बोले- बेवजह दे रहे तूल

**पटना, एजेंसी** जमुई में तेजस्वी यादव की सभा के दौरान चिराग पासवान की मां को गाली देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को इसे लेकर ह्रष्ठ नेता चुनाव आयोग के ऑफिस पहुंचे। उन्होंने तेजस्वी के खिलाफ चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। एनडीए की महिला नेत्रियों ने भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता उषा विद्यार्थी के नेतृत्व में बिहार निर्वाचन विभाग पहुंचकर तेजस्वी यादव और उनके समर्थकों के खिलाफ एफआईआर करने की मांग की है। उषा विद्यार्थी ने कहा कि चुनाव अभी शुरुआती फेज में है और इस तरह की गंदी-गंदी गालियां माता और बहनों को दी जा रही हैं। आगे चलकर इसकी पुनरावृत्ति ना हो इसलिए भाजपा और तमाम सहयोगी पार्टी आज निर्वाचन आयोग पहुंची है। ताकि जो लोग भी इस तरह का ओछी हरकत कर रहे हैं या फिर उनके समर्थक हो या खुद तेजस्वी प्रसाद यादव उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

## 19-20 अप्रैल को पूर्णिया में तेजस्वी की जनसभा

### चुनाव प्रभारी सह विधायक मुन्ना यादव ने संभाला मोर्चा, राजद कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**पूर्णिया,एजेन्सी।** पूर्णिया में चुनाव प्रचार में राजद ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। प्रचार अभियान के इसी कड़ी में राजद के पूर्णिया लोकसभा के चुनाव प्रभारी सह मीनापुर विधायक मुन्ना यादव पूर्णिया पहुंचे। मुन्ना यादव ने मोर्चा संभालते हुए नवी नगर स्थित युवा राजद कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस अहम बैठक में कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर हर बूथ मजबूत करने का मूल मंत्र दिया गया। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने राजद प्रत्याशी बीमा भारती के लिए कैंपेन करने का संकल्प लिया। वहीं इस दौरान उन्होंने आगामी 19 और 20 अप्रैल को प्रस्तावित तेजस्वी यादव के चुनावी सभा की जानकारी दी।

**बीमा भारती की किसी से न कोई टक्कर है, और न लड़ाई :** वहीं पूर्णिया लोकसभा के चुनाव प्रभारी सह मीनापुर विधायक मुन्ना यादव के पूर्णिया पहुंचते ही युवा राजद के जिलाध्यक्ष नवीन यादव व मीडिया प्रभारी नील कमल ने पुष्पगुच्छ और बुके देकर जोरदार स्वागत किया। इस अहम बैठक में उनके साथ राजद के राष्ट्रीय महासचिव संजय ठाकुर, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव, युवा राजद के जिलाध्यक्ष नवीन यादव समेत कई बड़े नेता मौजूद रहें।

महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न का मामला

## सांसद बृजभूषण बोले- घटना के वक्त दिल्ली में नहीं था, आरोपों की जांच हो; 26 अप्रैल तक फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली, एजेंसी** कैसरगंज उत्तर प्रदेश से सांसद और WFI (रेसलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह गुरुवार (18 अप्रैल) को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे। अदालत ब्रज भूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में आरोप तय करने के लिए फैसला सुनाने वाली थी।

हालांकि, बृजभूषण का दावा है कि घटना के वक्त 7 सितंबर 2022 को वे दिल्ली में नहीं थे। इसलिए इन आरोपों की जांच की जाए। उन्होंने ष्टष्ठक्र की कॉपी भी मांगी है। दलीलों के बाद कोर्ट ने 26 अप्रैल तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया है।

दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जून 2023 में ब्रजभूषण के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। उनके खिलाफ धारा 354, 354ए, 354-ष्ठ और 506 के तहत आरोप लगाए।

इसी मामले पर पहली बार 18 जनवरी 2023 को रेसलर बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट समेत 30 से ज्यादा पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन किया था।

बृजभूषण का टिकट अब तक फाइनल नहीं, कटने की आशंका

बृजभूषण शरण सिंह उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से 2009 से लगातार सांसद हैं। रेसलिंग फेडरेशन का अध्यक्ष रहते उन पर महिला पहलवानों से यौन शोषण का आरोप लगाया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 18 अप्रैल को कहा कि फैसला 26 अप्रैल को सुनाया जाएगा।

कैसरगंज लोकसभा सीट पर पांचवें फेज यानी 20 मई को वोटिंग होनी है। यहां 26 अप्रैल से नामांकन शुरू होगा। 3 मई नॉमिनेशन की आखिरी तारीख है। स्क्रूटनी 4 मई को और नामवापसी की आखिरी तारीख 6 मई है। कैसरगंज सीट से भाजपा के तरबगंज विधायक प्रेमनरायन पांडेय और करनैलगंज विधायक अजय सिंह मजबूत दावेदार हैं। दोनों में से किसी एक के नाम पर पार्टी सहमति दे सकती है।

चुनाव से ठीक पहले पीएम मोदी का उम्मीदवारों को पत्र

## लिखा- आप सभी संसद पहुंचेंगे ये विश्वास है; एक-एक वोट मजबूत सरकार बनाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी** रामनवमी के अवसर पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी BJP और NDA उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखा है।

इस लेटर में पीएम मोदी ने सभी उम्मीदवारों को जीत का विश्वास दिलाया है। PM ने लिखा- आप सभी जनता के आशीर्वाद से संसद पहुंचेंगे। हमें मिलने वाला एक-एक वोट मजबूत सरकार की ओर बढ़ता कदम होगा।

पीएम ने आगे लिखा- एक टीम के रूप में, हम निर्वाचन क्षेत्र के लोगों और क्षेत्र के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह लेटर भाजपा द्वारा किसी निर्वाचन क्षेत्र में हर किसी तक PM का संदेश पहुंचाने की कवायद का हिस्सा है।

अन्नामलाई को भेजे लेटर में लिखा- आपने नौकरी छोड़कर जनसेवा चुनी, इसकी खुशी

कोयंबटूर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कुप्पुस्वामी अन्नामलाई को भेजे लेटर में क्क्रू लिखते हैं- रामनवमी के शुभ अवसर पर आपको लिखते हुए खुशी हो रही है। मैं आपको अच्छी सरकारी नौकरी छोड़ने और लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध होने के आपके निर्णय पर आपको बधाई देता हूं। आप तमिलनाडु में भाजपा की जमीनी



स्तर पर उपस्थिति को मजबूत करते रहे हैं।

आपने कानून प्रवर्तन, शासन और युवा सशक्तीकरण सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर देने में वास्तव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जनता के आशीर्वाद से, मुझे विश्वास है कि आप संसद तक पहुंचेंगे। आप जैसे टीम के सदस्य मेरे लिए बहुत बड़ी संपत्ति हैं।पीएम ने आगे लिखा, इस लेटर के माध्यम से, मैं आपके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को बताना चाहता हूं कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है। लोग कांग्रेस के 5-6 दशकों के शासन में जिन कठिनाइयों से गुजरे हैं, उन्हें याद होगा। पिछले 10 सालों में, समाज के हर वर्ग के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, इनमें से कई परेशानियां दूर हो गई हैं, फिर भी, अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है और बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के हमारे मिशन में यह चुनाव निर्णायक होगा।

## पश्चिम बंगाल में रामनवमी पर दो जगह हिंसा, 18 घायल्मुर्शिदाबाद में शोभायात्रा के बीच फूटा बम, मेदिनीपुर में आगजनी

**कोलकाता, एजेंसी** पश्चिम बंगाल में रामनवमी के अवसर पर दो जगह हिंसा हुई। मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा शहर में मस्जिद के पास से शोभायात्रा निकालने के बाद दो समुदायों के बीच संघर्ष हुआ। इस बीच बम फटने की भी सूचना मिली।



वहीं मेदिनीपुर के इगरा में भी दो समुदाय के बीच झड़प हुई और आगजनी की गई। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, हिंसा में अब तक 18 लोगों के घायल होने की खबर है। इसमें दो नाबालिग, एक महिला और कुछ पुलिस कर्मी भी शामिल हैं।



# गुवाहाटी-जम्मूतवी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का 9 फेरों में होगा परिचालन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 05656/05655 गुवाहाटी-जम्मूतवी-गुवाहाटी वाया छपरा, सीवान, भटनी, देवरीया ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन गुवाहाटी से 06 मई से 01 जुलाई, 2024 तक प्रत्येक सोमवार को तथा जम्मूतवी से 09 मई से 04 जुलाई,2024 तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को 09 फेरों के लिये किया जायेगा।

इसकी जानकारी देते हुए जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार व पब्लिसिटी इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 05656 गुवाहाटी-जम्मूतवी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 06 मई से 01 जुलाई, 2024 तक प्रत्येक सोमवार को गुवाहाटी से 2030 बजे प्रस्थान कर कामाख्या से 2102 बजे, रंगिया से 2143



बजे, बरपेटा रोड से 2232 बजे, न्यू बोंगाईगाँव जं0 से 2355 बजे, दूसरे दिन कोकराझार से 00.17 बजे, न्यू कूचबिहार से 0130 बजे, न्यू जलपाईगुडी से 0345 बजे, किशनगंज से 0502 बजे, कटिहार से 07.15 बजे, नौगछिया से 0805 बजे, खगड़िया से 0900 बजे, बेगूसराय से 0938 बजे, बरौनी से 1025 बजे, शाहपुर पटोरी से 1038 बजे, देसरी से 1102 बजे, हाजीपुर से 12.10 बजे, सोनपुर से 1222 बजे, छपरा से 15.10 बजे, सीवान से 1605 बजे, भटनी से 1655 बजे, देवरिया सदर से 1705 बजे, गोरखपुर से 1855 बजे, गोण्डा से 2155 बजे, लखनऊ से 2340 बजे, तीसरे दिन हरदोई से 0137 बजे, बरेली से 0339 बजे, मुरादाबाद से 0520 बजे, लक्सर जं0 से 0720 बजे, रूड़की से 0742 बजे, सहारनपुर से 0845 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 09.17 बजे, अम्बाला से 10.12 बजे, लुधियाना से 1158 बजे, जलन्धर कैण्ट से 1253 बजे, पठानकोट कैण्ट से 1500 बजे तथा कठुआ से 1533 बजे छूटकर जम्मूतवी 1735 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 05655 जम्मूतवी-गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 09 मई से 04 जुलाई, 2024 तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को जम्मूतवी से 1000 बजे प्रस्थान कर कठुआ से 11.17 बजे, पठानकोट कैण्ट से 1200 बजे, जलंधर कैण्ट से 1355 बजे, लुधियाना से 1500 बजे, अम्बाला से 1652 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 1742 बजे, सहारनपुर से 18.15 बजे, रूड़की से 1907 बजे, लक्सर से 1935 बजे, मुरादाबाद से 2140 बजे, बरेली से 2309 बजे, दूसरे दिन हरदोई से 01.11 बजे, लखनऊ से 0301 बजे, गोण्डा से 0500 बजे, गोरखपुर से 08.10 बजे, देवरिया सदर से 09.17 बजे, भटनी से 0955 बजे, सीवान से 1050 बजे, छपरा से 1230 बजे, सोनपुर से 1400 बजे, हाजीपुर से 14.15 बजे, देसरी से 1447 बजे, शाहपुर पटोरी से 15.14 बजे, बरौनी से 1745 बजे, बेगूसराय से 18.17 बजे, खगड़िया से 1857 बजे, नौगछिया से 2002 बजे, कटिहार से 2300 बजे, तीसरे दिन किशनगंज से 0022 बजे, न्यू जलपाईगुड़ी से 0235 बजे, न्यू कूचबिहार से 0445 बजे, कोकराझार से 0607 बजे, न्यू बोंगाईगाँव से 0742 बजे, बरपेटा रोड से 0827 बजे, रंगिया से 1032 बजे तथा कामाख्या से 1302 बजे छूटकर गुवाहाटी से 1320 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 14, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा जीएसएलआर.के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## सैकड़ों वर्ष पुराने अदभुत मठिया में मनाया गया राम जन्मोत्सव

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** दानी मौर्यध्वज के ऐतिहासिक नगरी चिरांद से सटे ग्राम रसलपुरा, थाना डोरीगंज, छपरा (बिहार) स्थित एक अदभुत मठ जहां पर परमज्ञानी संत परमहंस बाबा ने जीवित समाधि लिया। बाबा के द्वारा सैकड़ों वर्ष पूर्व मठ का निर्माण किया गया था ,जिसमें बजरंग बली का एक अद्भुत स्तूप है जिसपर लगा ध्वज लोहे का बना है फिर भी यह ध्वज अपना दिशा बदलते रहता है। यह एक शक्ति स्थल है। यहां गोल्डिनगंज रेलवे स्टेशन के आस-पास के गांव रसलपुरा-धर्मपुरा, बदलपुरा, अवधपुरा , खलपुरा, बिशनपुरा,जलालपुर, काजीपुर, चिरांद, जिल्काबाद, इत्यादि के लोगों का इस देवस्थान के प्रति अटूट आस्था एवं विश्वास है। ग्रामीणों का मानना है कि इस देवभूमि पर सच्चे मन से जो मांगते हैं वह अवश्य पुरा होता है।?इस पवित्र धरती पर भगवान रामचन्द्र जी महाराज का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धुमधाम से मनाया गया। 17 अप्रैल को शोभायात्रा एवं जलभराई का कार्यक्रम हुआ जिसमें हाथी, घोड़ा, ऊंट, बैंड बाजा, नगारा, ढोल, मंजीरा तथा हजारों के संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महिलाओं ने हाथ में कलश लेकर परमहंस बाबा के मठिया से गंगा जी तक चिलचिलाती धूप में जय श्री राम का नारा लगाते हुए पैदलयात्रा किया। शोभायात्रा गंगा घाट से परमहंस बाबा के मठिया पर पहुंच कर सम्पन्न हुई। उसके उपरांत 24 घंटे का अखंड अष्टयाम प्रारम्भ हुआ जिसमें रात दिन भक्तों का तांता लगा रहा।अष्टयाम के समापन के उपरांत 4 बजे शाम से श्री सीताराम विवाह का वर्णन वाराणसी से आये हुए महामंडलेश्वर संत श्री आत्माराम जी महाराज ने किया। भजन संध्या के कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तरप्रदेश एवं बिहार के चहेते बाल कलाकार रौनक रतन ने श्री राम भजन प्रस्तुत किया।ग्राम विकास परिषद रसलपुरा के संस्थापक संजय सिंह उज्जैन ने कार्यक्रम के सफलता पर प्रसंता व्यक्त की तथा इसका श्रेय रसलपुरा -धर्मपुरा के नवयुवकों को दी। उन्होंने कहा कि गांव के नवयुवकों ने रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत की। गांव पिछले 10 दिनों से जय श्री राम के नारों से गूंजायमान रहा है। इसके लिए संस्थापक ने भूपेन्द्र सिंह, विजय सिंह, हरदेव सिंह,जीतेन्द्र सिंह, आशीष सिंह उर्फ लवजी, सरोज सिंह टूटू, अभय नारायण सिंह, मुन्ना सिंह, रंजीत सिंह, करीमन, लवजी , घुटुन सिंह, अशोक चक्र से अलंकृत वीर शहीद श्याम बहादुर सिंह के प्रपौत्र संजय कुमार सिंह सहित अन्य सभी कार्यकर्त्ताओं का आभार व्यक्त किया तथा शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बाल कलाकार रौनक रतन को सम्मानित करते हुए संजय सिंह उज्जैन ने कहा कि यह बालक बहुत ही होनाहार है।? एक दिन यह विश्वप्रसिद्ध गायक बनेगा। रामनवमी महोत्सव के कार्यक्रम में पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

## सीएचसी मांझी में हाथी पांव के 24 मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का हुआ वितरण

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** किसी भी व्यक्ति के हाथ या पैर में सूजन, पुरुष के हाइड्रोसील में सूजन एवं महिलाओं के स्तन में सूजन की शिकायत हो तो यह फाइलेरिया का लक्षण हो सकता है। हालांकि इस तरह की बीमारियो से बचाव या सुरक्षित रहने के लिए इसका एक मात्र इलाज ही है। लेकिन इसके अलावा हाथी पांव को नियमित रूप से सफाई करने के साथ ही एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी होता है। उक्त बातें चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीरज कुमार ने रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता की रोकथाम (एमएमडीपी) किट वितरण समारोह के दौरान उपस्थित हाथी पांव के मरीजों से कही। एमएमडीपी किट वितरण समारोह का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांझी के सभागार में किया गया। वही इस अवसर पर बीसीएम विवेक कुमार व्याहुत, बीएमएंडई राजेश कुमार राम, सिफार के जिला समन्वयक बिनोद कुमार श्रीवास्तव और प्रखंड समन्वयक कृष्णा कुमार सिंह सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार ने बताया की मांझी प्रखंड के चकिया, डुमरी और नरपलिया पंचायत के 24 हाथी पांव के मरीजों को स्थानीय सभागार में एमएमडीपी किट वितरण के बाद सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सिफार) के जिला समन्वयक बिनोद कुमार श्रीवास्तव और प्रखंड समन्वयक कृष्णा कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता की रोकथाम (एमएमडीपी) किट का उपयोग कैसे करना है। उसको लेकर विशेष रूप से उपस्थित मरीजों को बताया गया। वही हाथी पांव से संबंधित एक्सरसाइज करने को लेकर भी बताया गया है। हालांकि सबसे अहम बात यह है कि हाथी पांच को टब में धोने के बाद उक्त पानी को ऐसी जगह फेंकना चाहिए, जहां कोई बच्चा उस पानी का उपयोग नही सके।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि फाइलेरिया संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। इससे बचाव या सुरक्षित रहने के लिए हम लोगों को मच्छरदानी लगा कर ही सोना चाहिए। साथ ही घर के आस पास साफ- सफाई रखना हम सभी की जिम्मेदारी बनती हैं। प्रत्येक वर्ष फाइलेरिया से बचाव और सुरक्षित रहने के लिए सरकार की ओर से सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता या स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मियों द्वारा आईवरमेक्टिन, अल्बेंडाजोल और डीईसी की गोली खिलाई जाती है। जो हम सभी को यानी मरीज या स्वस्थ्य व्यक्ति को भी अनिवार्य रूप से दवा खाना चाहिए।

## सियाह रात के सोनहला भोर होला आ गिरमिटिया एकर बेहतरीन उदाहरण बा : मनोज भावुक

**दैनिक खोज खबर/पटना।** गुरुवार को राजधानी पटना के रवीन्द्र भवन में साहित्य और संगीत से शाम सजी। बिहार की मिट्टी हमेशा अपने श्रम और प्रतिभा के लिए मशहूर रही है और इसी का उत्सव मनाने के लिए उपस्थित रहे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर सरनामी गायक राज मोहन, फिल्मफेयर और फेमिना द्वारा सम्मानित साहित्यकार और भोजपुरी सिनेमा के इतिहासकार मनोज भावुक और साहित्यकार और कला समीक्षक डॉ.कुमार विमलेन्दु सिंह। मनोज भावुक और विमलेन्दु ने बिहार के रंगमंच, साहित्य और सिनेमा पर बातचीत की। मनोज भावुक ने गिरमिटिया प्रवास की दर्द भरी दास्तां सुनाते हुए कहा कि- सियाह रात के सोनहला भोर होला आ गिरमिटिया एकर बेहतरीन उदाहरण बा। मजदूर बन के गइल लोग आज मालिक बन गइल बा। गिरमिटिया बन के गइल लोग गवर्नमेंट बन गइल बा। उन्नयन के एह से बेहतर उदाहरण का होई।''

विमलेन्दु और मनोज भावुक ने गिरमिटिया मजदूरों के जीवन, उनका इतिहास और उनके वर्तमान पर भी बात की। भोजपुरी सिनेमा और साहित्य पर बात की और बात की भोजपुरी के भविष्य पर।इस अवसर पर मनोज भावुक ने अपनी मशहूर भोजपुरी गजलें भी सुनाईं। इसके बाद नीदरलैंड्स से आए मशहूर गायक राज मोहन ने सुंदर गीतों से माहौल बना दिया। सात समुंदर पार कराईके़गीत पर लोगों की आँखें नम हो गईं। अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन हाउस ऑफ वेरायटी के संस्थापक सुमन सिन्हा जी ने किया।

## एकमा पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**एकमा (सारण)।** छपरा-सीवान एनएच 531पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एकमा थाने की पुलिस के द्वारा रेलवे के ऊपरी सड़क पुल पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान अनियमित ढ़ंग से वाहनों के परिचालन करने के आरोप में 10 वाहन चालकों से पुलिस के द्वारा पांच हजार रूपये जुर्माना राशि की वसूली की गई। वहीं वाहन जांच के दौरान पुलिस के द्वारा वाहन चालकों को यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया गया। बताया जाता है कि वाहन जांच अभियान से बचने के लिए कुछ वाहन चालकों ने दूसरे रास्तों से आवागमन किया।

## बाइक पलटने से दो सवार घायल

**एकमा (सारण)** एकमा-सहाजितपुर सड़क पर लगुनी गांव के समीप परसागढ़ की ओर तेज रफ्तार से जा रही एक बाइक आगे निकलने के चक्कर में अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। जिसमें बाइक पर सवार दोनों युवक घायल हो गए। बताया जाता है कि राहगीरों ने दोनों घायलों को तत्काल निजी अस्पताल में उपचार कराया।

## बीजेपी का किसान चौपाल आयोजित

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** सदर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों मे गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की ओर से किसान चौपाल का आयोजन किया गया। किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हरेश्वर सिंह ने किसानों को भाजपा की सरकार की उपलब्धि बताई। चिरान्द पंचायत मे आयोजित किसान चौपाल मे जिला उपाध्यक्ष हरेश्वर सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार की ओर से लाए गए नए कृषि कानून शत-प्रतिशत किसानों के हित में है। इन कानूनों में एक भी प्रकार का कोई भी तथ्य किसान विरोधी नहीं है। विपक्षी पार्टियां दलालों और बिचौलियों को फायदा देने के लिए देश के भोले-भाले किसानों को भड़काने का काम कर रही है। देश का किसान अब समझ चुका है कि उनका हितैषी कौन है। अन्य विपक्षी पार्टियां वर्षों त उक्त अवसर पर क बिचौलियों दलालों को अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए फायदे पहुंचाते आ रहे हैं।उक्त अवसर पर पप्पू सिंह,रामनरेश साह,मोहन साह,जगदीश साह,टींकू सिंह,हरीमोहन सिंह सहित कई किसान चौपाल मे उपस्थित हुए।

## सिविल सर्विस परीक्षा में संस्कृत सिंह को 366वां रैंक, ननिहाल में खुशी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** ब्राहिमपुर के प्रशांत कुमार सिंह की भगिनी शेखपुरा जिले के बरबीघा प्रखंड प्रखंड अंतर्गत तोएगढ़ गांव निवासी राकेश सिंह की पुत्री संस्कृति सिंह को सिविल सेवा परीक्षा में 366 वां रैंक आया है। संस्कृति सिंह के सिविल सेवा परीक्षा में पास होने पर उनके मामा रामेश्वर प्रसाद सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, प्रभात कुमार सिंह चन्दन, ओम प्रकाश, सुबोध सिंह सहित परिवार के लोगों एवं ग्राम वासियों मैं बहुत ही खुशी है जानकारी देते हुए उनके मामा प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि संस्कृति सिंह कर्नाटक के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी राकेश सिंह की पुत्री है 3 साल पहले उनकी शादी हो गई है पति आईआरएस में रहते हुए इनकम टैक्स कमिश्नर के पद पर दिल्ली में कार्यरत हैं वहीं दिल्ली और कर्नाटक में पढ़ाई करने के बाद संस्कृति सिंह ने यह सफलता प्राप्त की है बता दें की संस्कृति सिंह के दादाजी भारत सिंह शेखपुरा जिले के पहले आईपीएस अधिकारी थे।

## भीषण गर्मी के कारण आगलगी की घटना में बेतहाशा वृद्धि,आदर्श आचार संहिता की बाध्यताओं के कारण जनप्रतिनिधि जनसहयोग नहीं कर पाते

### रुडी का निर्वाचन आयोग, भारत सरकार और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार को लिखा पत्र,केंद्रीय स्तर पर आदेश जारी करने का आग्रह, बुधवार को ही सारण के 4 गांवो में पिछले तीन दिनों में 17 जगह लगी भीषण आग

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** आमतौर पर चुनाव की घोषणा होने के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो जाता है। इस दौरान निवर्तमान जन प्रतिनिधि जनसहयोग नहीं कर पाते है। आदर्श आचार संहिता के दौरान ही बिहार में भीषण गर्मी भी शुरू हो गई है। अप्रैल माह मे ही तापमान लगभग 40 से 43 डिग्री तक पहुंच जा रहा है। इस समय खेत-खलिहान में किसानों की फसले रखी हुई। कही खेतों में अधिकतर फसलें पूरी तरह पक चुकी हैं तो कहीं गेहूं की दौनी चल रही है या खेतों में फसलों की कटाई चल रही है। इसी बीच सारण जिला में आग लगी की घटनाएं भी निरंतर बढ़ती जा रही है। आदर्श आचार संहिता की बाध्यताओं को लेकर निवर्तमान जन प्रतिनिधि कोई सहयोग नहीं कर पा रहे है। आदर्श आचार संहिता की इन्हीं बाध्यताओं को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद तथा भाजपा के सारण से लोकसभा के प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी ने निर्वाचन आयोग भारत सरकार के अलावा बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है।

पत्र में उल्लिखित बातों का जिक्र करते हुए भाजपा प्रत्याशी रुडी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद जनप्रतिनिध चाह कर भी जनता के कष्टों को दूर करने का प्रयास नहीं कर पाते। इससे जनहित के कार्य बाधित होते है और चाह कर भी अपना कर्तव्य नहीं निभा पाते। इसलिए केंद्रीय चुनाव आयोग से पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि वह केंद्रीय स्तर पर आदेश जारी करें कि तात्कालीक घटनाओं के मद्देनजर किसी भी आपदा वाली स्थिति के लिए प्रशासनिक व्यवस्था बनी रहे। रुडी ने बताया कि अभी भीषण गर्मी का माहौल है इस दौरान आगलगी की काफी घटनाएं हो रही है। बुधवार को ही सारण के 4 गाँवों में और पिछले तीन दिनों में 17 जगह भीषण आग लगी की घटना हुई। उन्होंने कहा कि खेतों या खलिहानों के ऊपर से गुजरने वाली बिजली की लाइन में स्पार्किंग या बिजली के अन्य उपकरणों में शॉर्ट सर्किट के कारण या फिर लापरवाही के कारण ये घटनाएं हो रही है। उन्होंने कहा कि जरा सी चिंगारी से फसलें आग पकड़ लेती हैं। इसी वजह से फसलों में आग लगने की संभावना बनी रहती है। वहीं खेतों के ऊपर से गुजरने वाली बिजली की लाइन में स्पार्किंग से भी कई बार फसलों में आग लग जाती है। साथ ही घरों में तथा गरीब मतदाताओं की बस्ती में फुस से बने घरों में आग लगी की घटना की भी संभावना होती है। इस संदर्भ में सांसद ने सारण के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं बिहार के मुख्य सचिव, गृह सचिव और आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी पत्र लिखा है।भाजपा प्रत्याशी ने पत्र में आग्रह किया है कि सारण अथवा पूरे बिहार के लिए जिला प्रशासन एवं रिटर्निंग ऑफिसर को निर्देश निर्गत किया जाय कि पर्याप्त पानी के साथ दमकल इत्यादि जो प्रशासनिक व्यवस्था है उसे दुरुस्त रखा जाय और बिजली विभाग को भी निर्देशित किया जाए कि आंधी तूफान या तेज गति से हवा चलने के कारण तार झूलने, तार टूटने या अन्य प्रकार की इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट न हो पाये, इसके लिए पूरी तरह से एहतियात बरती जाय।

## आग लगने से घर में रखा सब कुछ जलकर राख

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के बगही मुबारकपुर में एक झोपड़ी नुमा मकान में गुरुवार को आग लगने से घर में रखा सब कुछ जलकर राख हो गया। हालांकि ग्रामीणों के अथक प्रयास से लगभग दो घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। तब तक सब कुछ जलकर बर्बाद हो चुका था। पीड़ित शंकर राय की पत्नी रूपा देवी ने बताया की खेती-बाड़ी को लेकर सभी लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे। तभी घर से धुआं निकलते दिखाई दिया। शोर मचाने पर अभी लोग जुट पाते तब तक पूरे घर में आग फैल गई और धू धू कर जलने लगा। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा बगल के घर भी आग के चपेट में आ सकते थे।

## सोनपुर से दरियापुर तक चला रुडी का जनसंपर्क, ढ़ोल नगाड़े के साथ हुआ स्वागत

### शीतलपुर में शादी समारोह में शामिल हुए रुडी


**दैनिक खोज खबर/सोनपुर / दरियापुर(सारण)।** सारण लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी ने गुरूवार को सोनपुर और परसा विधानसभा क्षेत्र के 21 गाँवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कई जगहों पर लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सांसद सह भाजपा प्रत्याशी रुडी के साथ अमनौर विधायक मंटू सिंह और भाजपा, जदयू, लोजपा (आर), हम और रालोम के कार्यकर्ता थे। इस दौरान निवर्तमान सांसद रुडी के द्वारा बताया गया कि दरियापुर प्रखंड में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 46 लोगों को 1 करोड़ 8 लाख का अनुदान मिला है तो वही मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत कोष से 3 करोड़ 59 लाख रुपये से दरियापुर के 402 लोग लाभान्वित हुए है। इसी तरह दरियापुर प्रखंड में 60 से अधिक बच्चों का केंद्रीय विद्यालय में नामांकन भी हुआ है। यही कारण है कि जनसंपर्क के दौरान उनके समर्थन में गांव का गांव उन्हें देखने और सुनने को जिस प्रकार उमड़ रहा है वह भाजपा के पक्ष में सारण लोकसभा क्षेत्र में बहती हवा को बखूबी प्रदर्शित करता है। मालूम हो कि रुडी ने गुरूवार को सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के शीतलपुर बाजार, जगदीशपुर से जनसंपर्क शुरू करते हुए परसा विधानसभा क्षेत्र के नगवां, दुर्बेला, मुशेहरी, हरिहरपुर, बेला, महम्मदपुर, ठिकहा, ककरहट, सुतिहार नन टोली, सुतिहार ठाकुरबाड़ी, सुतिहार मठिया भगवती स्थान, पिरारी चौक, पिरारी डीह, हरिहरपुर ब्रह्म स्थान, हरिहरपुर नन टोला, ननफर बाजार में जनसंवाद किया। जनसंवाद में भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी का संकल्प पत्र 2024 कहते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल संकल्प पत्र नहीं, मोदी पर भरोसा और नये संकल्पों की सिद्धि का प्रण है। जनसंपर्क के दौरान हरेक गांवों में रुडी का भाजपा और सहयोगी दल जदयू, लोजपा, हम और रालोम के कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने फूल माला पहना कर और कई जगह आरती उतारकर कर अभिनंदन किया। वहीं रूडी शीतलपुर में एक शादी समारोह में शामिल हुए।

## घोड़ा लुटावन पुत्र पावन मेला में उमड़े लोग

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)**–परसा मकेर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती बलिगांव पंचायत के दियारे क्षेत्र में स्थित हसनपुर गांव में चैत दशमी को लगने वाले घोड़ा लुटावन पुत्र पावन मेला में गुरुवार को श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित भीड़ उमड़ी।लोगों के भीड़ से माहौल भक्तिमय हो गया था। उक्त गांव स्थित बड़ के पेड़ की नीचे बने अमरनाथ बाबा के स्थान व परिसर में बने दर्जनों सिमेंटेड घोड़े तथा बाबा के स्थान पर पूजा अर्चना करने को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। घोड़ा लुटाने व लूटने वालों की संख्या अधिक होने के कारण स्थानीय कमिटी व प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। श्रद्धालु भक्त मनोकामना पूरी होने पर पुराने घोड़े का जोड़ा लगाकर जैसे ही बाबा के स्थान लुटाने चलते थे पीछे से दर्जनों की संख्या में लोग घोड़ा लूटने के लिए टूट पड़ते थे। घोड़ा लूटने के दौरान कई महिलाएं चोटिल व मूर्छित भी हो गई।सोनपुर पहलेजा से आये श्रद्धालु ने बताया कि वर्षो से मेरी मां सुमित्रा देवी पूजा अर्चना करने आती थी।मां के अस्वस्थ हो जाने के कारण मैं मिट्टी के 251 घोड़े लेकर आयी हूं। बाबा के मंदिर से प्रसाद लेकर जाऊंगी। मेला कमिटी के सदस्य पुजारी कुमार साह ने बताया कि मेला में दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है।कमिटी के सदस्य जी तोड़ मेहनत में लगे हुए है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाइयां न हो। वहीं अमरनाथ बाबा मंदिर के पुजारी द्वारा विधिवत पूजा पाठ करने के बाद श्रद्धालुओं ने घोड़ा लुटाना व लूटना प्रारंभ किया। वहीं मेला परिसर में सैकड़ो की संख्या में पूजा सामग्री की दुकानें लगी थी। मेला में सुरक्षा व्यवस्था में परसा व मकेर थाने के बीएमपी पुलिस व चौकीदार के साथ शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर तैनात थे।






# दक्षिण दिशा को क्यों माना गया है अशुभ

धरती के मान से है हिन्दू धर्म, ज्योतिष और वास्तु शास्त्र में दक्षिण दिशा को अशुभ माना गया है। इस दिशा में घर का मुख्य द्वार नहीं होना चाहिए और इस दिशा में पैर करके सोने के नुकसान भी बताए गए हैं। इस दिशा में मुंह करके पूजा पाठ भी नहीं किया जाता है। आओ जानते हैं कि आखिर इस दिशा को क्यों नकारात्मक और अशुभ माना गया है।

**दक्षिणी ध्रुव** – दरअसल, पृथ्वी के दोनों ध्रुवों उत्तरी तथा दक्षिण ध्रुव में चुम्बकीय प्रवाह होता है। उत्तरी ध्रुव पर धनात्मक (+) प्रवाह तथा दक्षिणी ध्रुव पर ऋणात्मक (–) प्रवाह होता है। उसी तरह मानव शरीर में भी सिर में धनात्मक (+) प्रवाह तथा पैरों में ऋणात्मक (–) प्रवाह होता है। विज्ञान के अनुसार दो धनात्मक (+) ध्रुव या दो ऋणात्मक (–) ध्रुव एक दूसरे से दूर भागते हैं। अतः यदि आप दक्षिण में पैर करके सोते हैं तो आपके स्वास्थ्य के लिए यह हानिकारक साबित होता है। इससे आपकी ऊर्जा का क्षरण होगा। उर्जा के अतिरिक्त निष्कासन से आपकी मानसिक स्थिति भी बिगड़ सकती है। दक्षिण दिशा में दक्षिणी ध्रुव है जिसका नकारात्मक प्रभाव बना रहता है। दक्षिण दिशा में पैर करके सोने से हानि, स्मृति भ्रम, मृत्यु और रोग का भय रहता है।

**यम की दिशा** – यह दिशा यम की दिशा भी मानी गई है। कहते हैं कि दक्षिण का मकान सबसे खराब होता है। यदि घर की दक्षिण दिशा दूषित है तो यह यम और यम के गणों के प्रभाव को बढ़ाएगा। दक्षिण दिशा में पैर और उत्तर दिशा में सिर– यह ऐसी पोजिशन है जिसमें शवों को रखा जाता है। इसलिए कि उसकी संपूर्ण ऊर्जा बाहर निकल जाए। दक्षिण में यम, यमदूतों और दुष्टों का निवास होता है।

**मंगल की दिशा है दक्षिण** – दक्षिण दिशा में मंगल ग्रह है। मंगल ग्रह एक क्रूर ग्रह है। इस दिशा में पैर करके सोने से भी मंगल दोष उत्पन्न होने की संभावना रहती है। इसी के साथ ही यदि इस दिशा में द्वारा है तो मंगल का बुरा प्रभाव भी बना रहता है। इस दिशा के मंगल से दूषित होने से चिढ़चिढ़ापन, क्रोध, भाइयों से अनबन, गृहकलह जैसी आदि परेशानियां खड़ी होती हैं जिसके चलते धन हानि होती है।

**सूर्य की खराब किरणें** – दक्षिण दिशा में सूर्य सबसे ज्यादा देर तक रहता है जिसके कारण मकान का मुख द्वार तपता रहता है। इसके चलते घर में ऑक्सिजन की कमी हो जाती है। ऑक्सिजन की कभी से घर के सदस्य चिढ़चिढ़े हो जाते हैं और उनकी सेहत पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है। दक्षिण दिशा से अल्ट्रावायलेट किरणों का प्रभाव ज्यादा रहता है जो शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए ठीक नहीं है।

**महिलाओं के लिए अशुभ है यह दिशा** – दक्षिणी दिशा पृथ्वी का प्रतीक है। इसके अधिपति यमदेव हैं। यह दिशा स्त्रियों के लिए अत्यंत अशुभ तथा अनिष्टकारी होती है।




# सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है वास्तु सम्मत नव निर्माण

जीवन में सफलता पाने में शुभ ऊर्जा और सकारात्मक सोच की खासी जरूरत होती है, जो कि हमें आसपास के माहौल और हमारे निवास से मिलती है। ऐसे में यदि नव निर्माण वास्तु सम्मत कराया जाए तो घर का हर कोना आपको सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है। अपने घर को वास्तु के अनुसार कुछ यूं बनाया जा सकता है।

## स्नानघर

स्नानघर, गुसलखाना, नैऋत्य (पश्चिम–दक्षिण) कोण और दक्षिण दिशा के मध्य या नैऋत्य कोण व पश्चिम दिशा के मध्य में होना सर्वोत्तम है। इसका पानी का बहाव उत्तर–पूर्व में रखे। गुसलखाने की उत्तरी या पूर्वी दीवार पर एग्जास्ट फैन लगाना बेहतर होता है। गीजर आग्नेय (दक्षिण–पूर्व) कोण में लगाना चाहिए क्योंकि इसका संबंध अग्नि से है। ईशान व नैऋत्य कोण में इसका स्थान कभी न बनवाएं।

## शौचालय


शौचालय सदैव नैऋत्य कोण व दक्षिण दिशा के मध्य या नैऋत्य कोण व पश्चिम दिशा के मध्य बनाना चाहिए। शौचालय में शौच करते समय आपका मुख दक्षिण या पश्चिम दिशा की ओर होनी चाहिए। शौचालय की सीट इस प्रकार लगाएं कि उस पर बैठते समय आपका मुख दक्षिण या पश्चिम की ओर ही हो। प्रयास करें शौचालय एवं स्नानगृह अलग–अलग बनाएं। वैसे आधुनिक काल में दोनों को एक साथ संयुक्त रूप में बनाने का फैशन चल गया है। उत्तरी व पूर्वी दीवार के साथ शौचालय न बनाएं।

## मुख्यद्वार

द्वार में प्रवेश करते समय द्वार से निकलती चुंबकीय तरंगें बुद्धि को प्रभावित करती हैं। इसलिए प्रयास करना चाहिए कि द्वार का मुंह उत्तर या पूर्व में ही हो। दक्षिण और पश्चिम में द्वार नहीं होना चाहिए।

## सोपान या सीढ़ी

भवन में सीढ़ियां वास्तु नियमों के अनुरूप बनानी चाहिए। सीढ़ियों का द्वार पूर्व या दक्षिण दिशा में होना शुभफलप्रद होता है। सीढ़ियां भवन के पाश्र्व में दक्षिणी व पश्चिमी भाग में दाएं ओर हो, तो उत्तम है। यदि सीढ़ियां घुमावदार बनानी हो, तो उनका घुमाव सदैव पूर्व से दक्षिण, दक्षिण से पश्चिम, पश्चिम से उत्तर और उत्तर से पूर्व की ओर होना चाहिए। कहने का मतलब यह है कि चढ़ते समय सीढ़ियां हमेशा बाएं से दाएं ओर मुड़नी चाहिए। सीढ़ियां हमेशा विषम संख्या में बनानी चाहिए। सीढ़ियों की संख्या ऐसी हो कि उसे 3 से भाग दें तो 2 शेष रहे। जैसे 5, 11, 17, 23, 29 आदि की संख्या। सीढ़ियों के नीचे एवं ऊपर द्वार रखने चाहिए। यदि किसी पुराने घर में सीढ़ियां उत्तर–पूर्व दिशा में बनी हो, तो उसके दोष को समाप्त करने के लिए दक्षिण–पशचिम दिशा में एक कमरा बनाना चाहिए। वास्तु में सोपान का अहम रोल होता है।



## आंगन

भवन का प्रारूप इस प्रकार बनाना चाहिए कि आंगन मध्य में हो या जगह कम हो तो भवन में खुला क्षेत्र इस प्रकार उत्तर या पूर्व की ओर रखें जिससे सूर्य का प्रकाश व ताप भवन में अधिकाधिक प्रवेश करें। ऐसा करने पर भवन में रहने वाले स्वस्थ व प्रसन्न रहते हैं। पुराने समय में बड़ी–बड़ी हवेलियों में विशाल चौक या आंगन को देखकर इसके महत्व का पता चलता है।

## खिड़कियां

भवन में मुख्य गेट के सामने खिड़कियां ज्यादा प्रभावी होती हैं। कहते हैं इससे चुंबकीय चक्र पूर्ण होता है औरघर में सुख–शांति निवास करती है। पश्चिमी, पूर्वी और उत्तरी दीवारों पर भी खिड़कियों का निर्माण शुभ होता है। भवन में खिड़कियों का मुख्य लक्ष्य भवन में शुद्ध वायु के निरंतर प्रवाह के लिए होता है। यहां सबसे ज्यादा ध्यान देने वाली बात यह है कि भवन में कभी भी खिड़कियों की संख्या विषम न रखें। सम खिड़कियां शुभ होती हैं।

## बालकनी

हवा, सूर्य प्रकाश और भवन के सौंदर्य के लिए आवासीय भवनों में बालकनी का खासा स्थान है। बालकनी भी एक प्रकार से भवन में खुले स्थान के रूप में मानी जाती है। बालकनी से सूरज कीक किरणें और प्राकृतिक हवा मिलती है। वास्तु सिद्धांतों के अनुसार बालकनी बनाई जा सकती है। यदि पूर्वोन्मुख भूखंड है, तो बालकनी उत्तर–पूर्व में उत्तर की ओर बनानी चाहिए। बालकनी उत्तर–पश्चिम में उत्तर की ओर बनानी चाहिए। यदि उत्तरोन्मुख भूखंड है, तो बालकनी उत्तर–पूर्व में उत्तर की ओर बनानी चाहिए। यदि दक्षिणोन्मुख भूखंड है, तो बालकनी दक्षिण–पूर्व में दक्षिण दिशा में बनाएं। बालकनी का स्थान भूखंड के मुख पर निर्भर है। लेकिन प्रयास यह होना चाहिए कि प्रातः कालीन सूर्य एवं प्राकृतिक हवा का प्रवेश भवन में होता रहे। ऐसा होने से मकान कई दोषों से मुक्त हो जाता है।

## स्वागत कक्ष या बैठक

आज के दौर में भवन में स्वागतकक्ष का महत्व सबसे ज्यादा है। प्राचीनकाल में इसे बैठक के नाम से जाना जाता था। स्वागतकक्ष या बैठक में मसनद व तकिए या फर्नीचर दक्षिण और पश्चिम दिशाओं की ओर रखना चाहिए। स्वागतकक्ष या बैठक जहां तक संभव हो उत्तर और पूर्व की ओर खुली जगह अधिक रखनी चाहिए। स्वागतकक्ष भवन में वायव्य और ईशान और पूर्व दिशा के मध्य में बनाना चाहिए।

**जीवन में सफलता पाने में शुभ ऊर्जा और सकारात्मक सोच की खासी जरूरत होती है, जो कि हमें आसपास के माहौल और हमारे निवास से मिलती है। ऐसे में यदि नव निर्माण वास्तु सम्मत कराया जाए तो घर का हर कोना आपको सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है।**

## अध्ययन कक्ष

अध्ययन कक्ष हमेशा ईशान कोण में ही पूजागृह के साथ पूर्व दिशा में होना चाहिए। प्रकाश की ऊर्जा ही घर में सकारात्मकता लाती है, लिहाजा पूरब दिशा में स्टडी रूम काफी प्रभावी माना जाता है। वायव्य और पश्चिम दिशा के मध्य या वायव्य व उत्तर के मध्य बना सकते हैं। ईशान कोण पूजागृह के पास सर्वोत्तम है।

## भोजनालय या भोजनकक्ष

भोजनकक्ष ड्राइंगरूम का ही एक भाग बन गया है या अलग भी बनाया जाता है। डायनिंग टेबल ड्राईंगरूम के दक्षिण–पूर्व में रखनी चाहिए अथवा भोजन कक्ष में भी दक्षिण–पूर्व में रखनी चाहिए।

## मीटर बोर्ड, विद्युतकक्ष

अग्नि या विद्युत–शक्ति, मीटरबोर्ड, मेन स्विच, विद्युतकक्ष आदि भवन में दक्षिण–पूर्व (आग्नेय) दिशा में लगाने चाहिए। अग्नि कोण इसके लिए सदैव उत्तम रहता है।

## गैराज

वाहन (कार, गाड़ी) खड़ा करने के लिए गैराज की आवश्यकता होती है। फ्लैट, बंगला या बड़े घर ( जिसके पास जगह अधिक है) में गैराज दक्षिण–पूर्व या उत्तर–पश्चिम दिशा में बनाना चाहिए। यह बात ध्यान में रखें कि गैराज में उत्तर और पूर्व की दीवार पर वजन कम होना चाहिए। यदि भूखंड पूर्वोन्मुखी है, तो दक्षिण–पूर्व दिशा में पूर्व की ओर, यदि भूखंड उत्तरोन्मुख है, तो उत्तर–पश्चिम दिशा में उत्तर की ओर, यदि भूखंड पश्चिमोन्मुख है, तो दक्षिण–पशचिम दिशा में पश्चिम की ओर, यदि भूखंड दक्षिणोन्मुख हो, तो दक्षिण–पशचिम दिशा में पश्चिम की ओर गैराज बनाना चाहिए।

## जल प्रवाह

भवन निर्माण में जल के प्रवाह का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। भवन का समस्त जल प्रवाह पूर्व, वायव्य, उत्तर और ईशान कोण में रखना शुभ होता है। भवन का जल ईशान (उत्तर–पूर्व) या वायव्य (उत्तर–पश्चिम) कोण से घर से बाहर निकालना चाहिए। वास्तु के अनुसार दिशाओं का जरूर ध्यान रखें। दिशाएं दशा बदलने का माद्दा रखती हैं।




# ड्राइंग रूम में कभी भी नकारात्मक चित्र न लगाएं

बैठक रूम को स्वागत कक्ष, ड्राइंग रूम या लिविंग रूम कहते हैं। बैठक रूप से ही आपके घर और व्यक्तित्व का पता तो चलता ही है साथ ही इससे वास्तु कैसा होगा यह भी पता चलता है। अतः यह ध्यान देना जरूरी है कि हम बैठक रूप में किसी तरह के चित्र लगा रहे हैं। यदि आप नकारात्मक चित्र लगाएंगे तो मन और मस्तिष्क में भी नकारात्मकता फैल जाएगी जो कि जिंदगी को बर्बादी के रास्ते पर भी ले जा सकती है, तो जानते हैं कि कौन से चित्र हम बैठक रूम में लगा सकते हैं।

- धन चाहिए तो बैठक रूम में हंस की बड़ी–सी तस्वीर लगाएं जिससे कि अपार धन–समृद्धि की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। इसके अलावा कहीं किसी कोने में धन के ढेर का एक छोटा–सा चित्र भी लगा सकते हैं।
- शांति चाहिए तो गृह कलह या वैचारिक मतभेद से बचने के लिए हंसते–मुस्कुराते संयुक्त परिवार का चित्र लगाएं। खुद के ही परिवार के सदस्यों का प्रसन्नचित मुद्रा में दक्षिण–पशचिम दिशा के कोने में एक तस्वीर लगाएं।
- तरह तरह की तरक्की चाहिए तो समुद्र किनारे दौड़ते हुए 7 घोड़ों की तस्वीर लगाने के लिए पूर्व दिशा को शुभ माना गया है। यह तस्वीर किसी वस्तुशास्त्री से पूछकर ही लगाएं।
- घोड़ों की तस्वीर न लगाना चाहें तो आप तैरती हुए मछलियों के चित्र भी लगा सकते हैं। इससे भी तरक्की और खुशहाली के मार्ग खुलते हैं।
- बैठक रूम में घर के मुखिया की सीट के पीछे हरेभरे सुंदर पहाड़ या उड़ते हुए पक्षी का चित्र लगा सकते। ऐसी तस्वीरों से अत्मविश्वास और मनोबल बढ़ता है।
- बैठक रूम की पूर्वी दीवार को उगते हुए सूरज, फलों और फूलों की कुछ चित्रों द्वारा सजाया जा सकता है। यह मन में प्रसन्नता और ताजगी देता है।
- यदि आप बैठक रूम में देवी या देवताओं के चित्र लगाना ही चाहते हैं तो पूर्वोत्तर दिशा सर्वोत्तम है। इससे आपके और आने वाले अतिथि के मन में श्रद्धा और आस्था का भाव जागृत रहता है।
- पारिवारिक सुख और शांति हेतु आप बैठकर रूप में घोसले में अपने बच्चों के साथ बैठी चिड़िया का चित्र भी लगा सकते हैं। यह बहुत ही प्रसन्नता देगा।
- आसमान में उड़ते हुए पक्षियों का चित्र लगाने से भी शांति और खुशी के साथ ही समृद्धि का अहसास होता है, परंतु यह चित्र किसी वास्तु शास्त्री से पूछकर लगाएं।
- यदि आप किसी चित्रकार की पेंटिंग लगाना चाहते हो तो ऐसी पेंटिंग लगाएं जो सुंदर हो और सभी को समझ में आने वाली हो साथ ही जिसमें कई तरह के रंभ भरे हों।

बैठक रूम में कभी भी नकारात्मक चित्र न लगाएं, जैसे ताजमहल, महाभारत या किसी कंाटेदार पौधे का चित्र। जंगली वह हिंसक जानवर, रोते हुए बच्चे, नंगे बच्चे, युद्ध के दृश्य, कटे पेड़ या ठूंठ आदि के चित्र भी न लगाएं। बैठक रूप में कभी भी रेगिस्तान, बर्फिले क्षेत्र, सूखा या न समझ में आने वाली पेंटिग भी न लगाएं। किसी नेता, अभिनेता, अभिनेत्री, कार, बाइक, मॉडल या अपने गुरु का बड़ा–सा चित्र भी न लगाएं। बैठक रूप में खुद का बड़ा–सा पोस्टर भी ना लगाएं। लगाना ही हो तो पूरे परिवार के साथ लगाएं। अभिनेता या नेता के चित्र लगाएंगे तो आपके बच्चे या खुद आप प्रतिदिन उनके ही चेहरे देखते रहेंगे और इससे जीवन में उन लोगों का आपके जीवन पर प्रभाव रहेगा। आपकी पढ़ियां भी उन्हीं से प्रेरित होती रहेगी। घर में आने वाले अतिथियों पर इसका गलत असर पड़ेगा। और भी कई बातें हैं जो सोची जा सकती है क्योंकि मन से ही भविष्य का निर्माण होता है।



**प्राचीन काल से अपने भविष्य को जानने की तीन प्रक्रियाएं चलती आ रही है, ज्योतिष शास्त्र, अंक ज्योतिष और हस्त शास्त्र। ऐसा कहा जाता है कि हाथों की लकीरें पढकर एक व्यक्ति को उसके भूतकाल, वर्तमान और भविष्य की जानकारी देने की कला को हस्त अध्यन और हस्त शास्त्र कहते है। ज्योतिष के अनुसार, इंसान की कुंडली या हस्तरेखा में उसके राज छुपे होते है।**

# हस्तरेखा में छुपे हैं भविष्य के राज

ज्योतिष शास्त्र के अध्ययन में इन बातों का बखान किया गया है। जब भी हम अपनी हस्तरेखा या कुंडली दिखाते है तो सबसे ज्यादा जिज्ञासा इस बात की होती है कि हमारा भविष्य कैसा होगा और हमें कामयाबी मिलेगी या नहीं हस्तरेखा ज्योतिष में हथेली का अध्ययन करके इसका पता लगाया जा सकता है। आपकी हाथों की ये लकीरें क्या कहती है आइए जानते है। ज्योतिष के मुताबिक, 'दाहिना हाथ पुरुषों का पढ़ा जाता है, जबकि महिलाओं का बायां हाथ पढ़ा जाता है।' रेखा शास्त्र में विभिन रेखाओं को दर्शाया गया है जैसे जीवन रेखा, मस्तिष्क रेखा, विवाह रेखा, हृदय रेखा, सूर्य रेखा, भाग्य रेखा आदि आईए हस्त रेखाओं के बारे में जानते है।




## जीवन रेखा

जीवन रेखा अंगूठे के नीचे वाले भाग में होती है, यह पहली ऊंगली (इंडेक्स फिंगर) और अंगूठे के मध्य से शुरू होकर मणिबंध तक जाती है। यह रेखा आपके जीवन के साथ साथ जिंदगी में होने वाली घटनाओं के रहस्य खोलती है। रेखा की लंबाई अच्छी सेहत और उसका छोटा होना शारीरक परेशानियों को दर्शाता है।

## मस्तिष्क रेखा

यह रेखा जीवन रेखा के पास से शुरू होकर हथेली के दूसरी ओर जाती है। यह रेखा आपके ज्ञान और विज्ञान की जानकारी देती है, अगर यह रेखा लंबी है तो इसका मतलब है कि आप जीवन के निर्णय बहुत सोच समझ कर और समझदारी से लेते है परंतु अगर इसकी लंबाई छोटी है तो इसका अर्थ है कि आप किसी भी निर्णय या फैसले को आसानी से मान लेते हो।

## सूर्य रेखा

सूर्य रेखा मध्यभाग में होती है और यह व्यक्ति के रचनात्मक होने की जानकारी देती है और साथ ही में आत्मविश्वास तथा योग्यता के बारे में बताती है।

## भाग्य रेखा

इस रेखा का उदगम कलाई से, चंद्र पर्वत से, जीवन रेखा से, मस्तिष्क रेखा या ह्दय रेखा से होता है, यह हथेली के केंद्र में स्थित होती है। इस रेखा द्वारा शिक्षा और कैरियर, हमारी सफलता और विफलता से संबंधित निर्णय और उन निर्णय से होने वाले फल एवं इनमे आने वाली बाधाओं का पता चलता है।

## ह्दय रेखा

यह रेखा सबसे छोटी ऊंगली के नीचे वाले बहग से शुरू होकर पहली ऊंगली यानि की इंडेक्स फिंगर के नीचे वाले भाग की ओर जाती है। जिन जातकों की ह्दय रेखा गहरी होगी उनको प्रेम संबंधों में कामयाबी प्राप्त होगी। और जिनकी रेखा फीकी होगी उन्हें प्यार के मामले में भरोसा नहीं करना चाहिए।

## विवाह रेखा

यह रेखा सबसे छोटी ऊंगली के निचले हिस्से में जिसे बुध पर्वत कहते हैं वहां आड़ी होती हैं। यह कई जातकों के हाथों में एक तो कई के हाथों में एक से अधिक भी होती है। एक से अधिक विवाह रेखाओं के संदर्भ में वह रेखा मान्य होती है जो सबसे अधिक गहरी और स्पष्ट हो बाकि रेखा संबंधों के बिछडने या टूटने के संकेत देती है। अगर विवाह रेखा ऊपर की तरफ आती हुई ह्दय रेखा से मिले या फिर विवाह रेखा पर तिल हो या क्रॉस का निशान हो तो शादी में बहुत कठिनाइयां होती हैं।

# राशि भुगतान नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने की डाकघर में तालाबंदी

**दैनिक खोज खबर/गुठनी (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर में डाक कर्मियों की मनमानी और भुगतान न होने से नाराज उपभोक्ताओं ने गुरुवार को कार्यालय में तालाबंदी कर हंगामा व प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि करीब दो वर्ष से अधिक समय से उनके खाते से राशि की भुगतान नहीं की जा रही है। इस दौरान कई उपभोक्ता गंभीर बीमारी और विवाह इत्यादि जरूरी काम से परेशान हैं। इसके बावजूद भी उनका भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है। जिससे उनके सामने कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। तालाबंदी के बाद उपभोक्ता काफी देर तक मुख्य डाकघर के सामने बैठे रहे, लेकिन डाक विभाग से जुड़े अधिकारी और कर्मी मौके पर नहीं पहुंच पाए। इससे उपभोक्ताओं में और भी आक्रोश व्याप्त हो गया। इस मौके पर संजय मिश्रा, भोला शर्मा, मार्कंडेय तिवारी, धनंजय तिवारी, सोनू मिश्र, रामा चरण तिवारी समेत दर्जनों उपभोक्ता मौजूद थे। इस संबंध में सहायक पोस्ट मास्टर नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इसकी जानकारी जिला मुख्यालय स्थित विभाग के वरीय अधिकारियों को दे दी गई है। वहां से मिले आदेश के आलोक में काम किया जाएगा। डाक अधीक्षक रंजन कुमार ने बताया कि इसकी सूचना मिलने के बाद मौजूद लोगों से संवाद किया गया था। विभाग द्वारा उनके भुगतान को अगले महीने से चालू कर दिया जाएगा।




## मारपीट कर रुपये व चेन छीनने का आरोप

**बसंतपुर (सिवान)** ~थाना क्षेत्र के सरेया श्रीकांत निवासी जमादार राय ने थाना में आवेदन देकर अपने भाई व उसकी पत्नी पर मारपीट कर आठ हजार रुपये तथा सोने की चेन छीनने का आरोप लगाया है। उसने बताया है कि 16 मार्च को वह अपने घर में आराम कर रहा था, तभी मझला भाई सिपाही राय एवं उनकी पत्नी कविता देवी आई तथा तेजधार के हथियार से प्रहार कर घायल कर दिए तथा गले से सोने की चेन एवं आठ हजार रुपये निकाल कर भाग गए। मामले में पुलिस प्राथमिकी कर जांच में जुट गई है।

## 180 लीटर देसी शराब जब्त

**हुसैनगंज(सिवान)** ~थाना की टीम ने बुधवार की रात हबीबनगर स्थित जीन बाबा के स्थान के समीप गस्त के दौरान 180 लीटर देसी शराब बरामद की। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बिक्री के लिए शराब की खेप पहुंची है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपर थानाध्यक्ष अंजोर अकेला के नेतृत्व में दलबल के साथ छापेमारी की गई। इस दौरान 180 देसी शराब बरामद किया गया। वहीं शराब तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। इस मामले में प्रतापपुर निवासी प्रिंस कुमार सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## अखंड अष्टयाम से वातावरण हुआ भक्तिमय

**महाराजगंज (सिवान)** ~प्रखंड के पोखरा गांव में अखिलानंद पांडेय के निवास पर गुरुवार को 24 घंटे का अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया। इस मौके पर गायन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया।

## निधन पर शोक

**महाराजगंज (सिवान)** ~प्रखंड के सिकंदरपुर गांव निवासी लालदेव सिंह की पत्नी व समाजसेवी जितेंद्र सिंह उर्फ भुआल सिंह की मां रामकुमारी देवी का निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर पूर्व प्रधानाध्यापक रामदेव सिंह, उदय कुमार सिंह, रमेश सिंह, देवानंद सिंह, हरि नारायण सिंह, अजीत सिंह, राम खलीफा सिंह, रवींद्र सिंह व रामविनय सिंह ने शोक व्यक्त की है।

## लक्जरी वाहन विद्युत पोल से टकराई, मची अफरातफरी

**बड़हरिया (सिवान)** ~थाना क्षेत्र के कुवही गांव में बड़हरिया-सिवान मुख्य मार्ग पर गुरुवार की दोपहर एक लग्जरी वाहन अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। इस दौरान वहां अफरातफरी मच गई। इस मौके पर विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना विद्युत विभाग को दी। सूचना मिलते ही विद्युत कर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर विद्युत पोल ठीक करने में जुट गए। वहीं कर्मियों ने बताया कि शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। नया पोल लगाने काम किया जा रहा है। वाहन सुरहिया गांव की बताई जा रही है, जिसे चालक लेकर फरार हो गया।

## रुद्र महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

**दारौंदा (सिवान)** ~प्रखंड के करसौत स्थित शिव मंदिर में आयोजित अचल प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को ले गुरुवार को हाथी-घोड़े व बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। आचार्य कमलाकांत ओझा के नेतृत्व में कलश यात्रा करसौत, पिनर्थु खुर्द, भोज छपरा, रामजी छपरा, बोधा छपरा होते हुए बिकोड़ी तालाब पहुंची जहां वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ जल भरा गया। उसके बाद कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची जहां आचार्यों द्वारा महायज्ञ का शुभारंभ कराया गया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा ऊं नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। यज्ञ समिति के सदस्य रामकृष्ण सिंह, मुरारी सिंह, करीमन सिंह, अंकित सिंह ने बताया कि रात में अयोध्या से पधारे कथावाचक अर्चना मणि पराशर द्वारा रामकथा का श्रवण कराया जाएगा। महायज्ञ की पूर्णाहुति 21 अप्रैल को हवन पूजा के साथ की जाएगी। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## मारपीट मामले में पांच के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज(सिवान)** ~थाना क्षेत्र के हुसैनगंज में हुई मारपीट मामले में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। मामले में हुसैनगंज निवासी अरमान अली ने थाने में आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि 12 अप्रैल को हुसैनगंज अठघरवा निवासी बेलाल अली, शादाब अली, एजाज अली, इजाज अली एवं मोहम्मद राजा मिलकर एक बाइक सवार को घेरकर मारपीट तथा बाइक छीनने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान जब वे बीच बचाव कर बाइक सवार को सकुशल भेज दिया, तो सभी उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। पुनः 13 अप्रैल की देर शाम जब वे बाजार से दवा खरीदकर अपने भाई आमिर के साथ घर लौट रहे थे, तो उक्त सभी लोग रास्ते में घेरकर गाली गलौज तथा मारपीट करने लगे तथा राड, चाकू एवं पिस्टल से वार कर जख्मी कर दिया। इसमें मेरे भाई आमिर के आंख में चोट लग गई तथा उनका अंगूठा टूट गया। साथ ही उक्त लोगों ने अंगूठी एवं चेन भी छीन ली। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिकी कर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

## बड़हरिया में लगा जाम, लोग रहे हलकान

**बड़हरिया (सिवान)** ~प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को जाम लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान लोग कड़े धूप में जाम में फंसे रहे। सड़क जाम मुख्यालय स्थित थाना चौक, जामो चौक सहित अन्य मार्गों में रही। सड़क जाम दोपहर 12 बजे से दो बजे तक लगा रहा। जाम के कारण बाजार में खरीदारी करने आने वाले तथा दूर-दराज आने-जाने वाले लोगों को इस कड़ी धूप में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं वाहन धीरे-धीरे रेंगते नजर आए। जाम में फंसे महिला, वृद्ध व बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम हटाने में प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी देखी गई। बताते हैं कि दुकानदारों द्वारा सड़क का अतिक्रमण कर लेने तथा छोटे-छोटे रिक्शा, ठेला, खोमचा द्वारा सड़क किनारे खड़ी करने से हमेशा जाम की समस्या उत्पन्न हो जाता है। इसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

## रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा

**दारौंदा (सिवान)** ~लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी को लेकर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में गुरुवार को विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। दारौंदा प्रखंड के एक दर्जन विद्यालयों के बच्चों को मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग कराने के लिए चेतना सत्र में संकल्प दिलाया गया। इसी क्रम में गुरुवार को माध्यमिक विद्यालय पकवलिया, माध्यमिक विद्यालय जलालपुर कचहरी, माध्यमिक विद्यालय रसूलपुर नंदा टोला, माध्यमिक विद्यालय कोड़ारी कला, माध्यमिक विद्यालय बालबंगरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय फतेहपुर, माध्यमिक विद्यालय दारौंदा आदि विद्यालयों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान चित्रकला, रंगोली, निबंध लेखन, भाषण आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। साथ ही मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प दिलाया गया।

## चोरी की बाइक के साथ मां-पुत्र गिरफ्तार, जेल

**सिवान ।** दरौली थाना की टीम ने बुधवार की रात उकड़ेरी गांव में छापेमारी कर दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में दरौली थाना में गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान मैरवा एसडीपीओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार चोरों के पास चोरी की चार बाइक, चार देसी कट्टा, नौ गोली, दो खोखा, नौ मोबाइल फोन, तीन गैस भट्ठी, एक इलेक्ट्रिक कटर, एक मैनुअल कटर, एक वेल्डिंग मशीन जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि उकड़ेरी निवासी फूल मोहम्मद अपने दो पुत्रों व पत्नी के साथ मिलकर चोरी की सामान की खरीद-बिक्री का कार्य करता था। गुप्त सूचना पर दरौली थानाध्यक्ष रौशन कुमार, एसआइ खुशबू कुमारी, एएसआइ राकेश कुमार, विद्या सागर साह, मनोज कुमार ने उकड़ेरी गांव में बुधवार की रात छापेमारी तथा फूल मोहम्मद के घर उक्त सामान को बरामद कर लिया। इस दौरान फूल मोहम्मद भागने में सफल रहा जबकि उसकी पत्नी नूरजहां खातून तथा पुत्र अमूल अंसारी का गिरफ्तार कर लिया तथा उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए गुरुवार को जेल भेज दिया गया है।

## अलग-अलग हुई अगलगी की घटना में एक घर सहित गेहूं की फसल जलकर राख

**सिवान** ~जिले के विभिन्न जगहों पर हुई अगलगी की घटना में जहां एक घर जलकर राख में तब्दील हो गया। वहीं दूसरी ओर सैकड़ों एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस दौरान गांव में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम किसी तरह आग पर काबू पाई। समाचार प्रेषण तक आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के आदमपुर दियरा में आग की लपटें दिखाई दी। ग्रामीण अभी कुछ समझ पाते तबतक आग की लपटें फैलती गई। देखते ही देखते वह आदमपुर, राजपुर, लक्ष्मीपुर, मिर्जापुर, सलेमपुर दियरा में तेजी से फैल गई। इस दौरान खेत व खलिहान में रखी सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाई। वहीर गभीरार एवं कौसड़ चंवर में आग लगने से खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।अग्निशमन विभाग की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। वहीं लकड़ी नबीगंज भोपतपुर वार्ड संख्या 16 महादलित बस्ती में अचानक आग लगने से मुन्ना मांझी कर घर जलकर राख हो गए। इस दौरान घर में रखे गए अनाज, कपड़ा, बर्तन समेत करीब एक लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई।घटना की सूचना मिलते ही राजस्व कर्मचारी सत्येंद्र कुमार समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर अगलगी से हुई क्षति का जायजा लिया तथा पीड़ित परिवार को सहयोग का आश्वासन दिया। पीड़ित ने अंचल एवं थाना में आवेदन देकर मुआवजा की मांग की है।

## अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकराई, युवक की मौत, एक घायल

### शादी में शामिल होने जा रहे थे दोनों युवक

**सिवान** ~आंदर थाना क्षेत्र के तिवारी के भटकन में गुरुवार को अनियंत्रित होने के बाद बाइक चालक ने पोल में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। स्थानीय लोगों व राहगीरों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हरिहांस पश्चिम टोला निवासी विकास कुमार साह के रूप में हुई है। जबकि घायल गांव का ही अगस्त कमकर है। बताया जाता है कि हरिहांस पश्चिम टोला निवासी अगस्त कमकर के साला की शादी टेढ़ीघाट मसान माई मंदिर में होने वाली थी। वह गांव के ही विकास कुमार के साथ बाइक से अपने ससुराल ठेपहां जा रहा था। ज्योही व आंदर थाना क्षेत्र के तिवारी के भटकन गांव में पहुंचा था कि सड़क पर रखे गेहूं के भूसा में फंसने के बाद उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। इससे उसकी बाइक पास में ही विद्युत पोल से टकरा गई। इस दौरान बाइक चालक विकास कुमार का सिर पोल से टकरा जाने से उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि पीछे बैठा अगस्त कमकर भी घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना आंदर थाना को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पप्पन कुमार एवं एसआइ सूरज प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया तथा घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## मारपीट मामले में पांच के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज(सिवान)** ~थाना क्षेत्र के हुसैनगंज में हुई मारपीट मामले में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। मामले में हुसैनगंज निवासी अरमान अली ने थाने में आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि 12 अप्रैल को हुसैनगंज अठघरवा निवासी बेलाल अली, शादाब अली, एजाज अली, इजाज अली एवं मोहम्मद राजा मिलकर एक बाइक सवार को घेरकर मारपीट तथा बाइक छीनने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान जब वे बीच बचाव कर बाइक सवार को सकुशल भेज दिया, तो सभी उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। पुनः 13 अप्रैल की देर शाम जब वे बाजार से दवा खरीदकर अपने भाई आमिर के साथ घर लौट रहे थे, तो उक्त सभी लोग रास्ते में घेरकर गाली गलौज तथा मारपीट करने लगे तथा राड, चाकू एवं पिस्टल से वार कर जख्मी कर दिया। इसमें मेरे भाई आमिर के आंख में चोट लग गई तथा उनका अंगूठा टूट गया। साथ ही उक्त लोगों ने अंगूठी एवं चेन भी छीन ली। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिकी कर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

## मारपीट मामले में पांच के विरुद्ध प्राथमिकी

हुसैनगंज(सिवान) ~थाना क्षेत्र के हुसैनगंज में हुई मारपीट मामले में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। मामले में हुसैनगंज निवासी अरमान अली ने थाने में आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि 12 अप्रैल को हुसैनगंज अठघरवा निवासी बेलाल अली, शादाब अली, एजाज अली, इजाज अली एवं मोहम्मद राजा मिलकर एक बाइक सवार को घेरकर मारपीट तथा बाइक छीनने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान जब वे बीच बचाव कर बाइक सवार को सकुशल भेज दिया, तो सभी उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। पुनः 13 अप्रैल की देर शाम जब वे बाजार से दवा खरीदकर अपने भाई आमिर के साथ घर लौट रहे थे, तो उक्त सभी लोग रास्ते में घेरकर गाली गलौज तथा मारपीट करने लगे तथा राड, चाकू एवं पिस्टल से वार कर जख्मी कर दिया। इसमें मेरे भाई आमिर के आंख में चोट लग गई तथा उनका अंगूठा टूट गया। साथ ही उक्त लोगों ने अंगूठी एवं चेन भी छीन ली। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिकी कर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

## लू से बचाव को सीडीपीओ को उपलब्ध कराया गया ओआरएस पर पैरासिटामोल

**सिवान।** भगवानपुर हाट प्रखंड के गर्भवती महिला, धात्री महिला एवं छोटे बच्चों को लू से बचाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. विजय कुमार ने सीडीपीओ को ओआरएस और पैरासिटमोल टेबलेट उपलब्ध कराया। उन्होंने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए आइसीडीएस निर्देशालय पटना के पत्र के आलोक में भीषण लू और गर्मी से बचाव के लिए दवा उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल में भीषण गर्मी और लू चलने के कारण जन जीवन प्रभावित हो रहा है जिससे पेजल संबंधी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसमें छोटे बच्चे, गर्भवती महिला, धात्री महिलाओं को घर से बाहर निकलने पर लू का ज्यादा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि प्रति सेविका 10 ओआरएस एवं एक पैरासिटामोल सिरप के हिसाब से उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने लोगो से अपील की कि गर्मी में अनावश्यक घर से बाहर न निकलें। यदि जरूरत हो तब भी घर से बाहर पूरा बदन को ढक कर ही निकलें।

## घर- घर दस्तक अभियान के तहत जागरूकता अभियान

**दारौंदा (सिवान)** ~प्रखंड में स्वीप के तहत बीएलओ द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में हर घर दस्तक अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को बीएलओ एवं पंचायत क्षेत्र के कर्मियों ने घर-घर पहुंचकर सभी को मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया। इसके तहत विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों व मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया गया। मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है, ताकि प्रखंड अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो और सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। इस दौरान बीएलओ एवं कर्मियों द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाई गई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## असांव थाना परिसर में लगा आरओ, फरियादियों को मिल रहा शुद्ध पानी

**सिवान।** असांव थाना परिसर में आरओ मशीन लगाया गया है। इससे अब थाना में आने वाले फरियादियों को शुद्ध पेयजल पीने को मिल रहा है। यह जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि विभागीय स्तर पर जिला मुख्यालय में आरओ मशीन आया था, इसकी जानकारी मिलने पर आरओ थाना में लगाने की पहल की गई। उन्होंने बताया कि पहले थाना में आने वाले सभी लोगों को पानी पीने के लिए हैंडपंप का सहारा लेना पड़ता था इससे पानी के प्रदूषित होने की संभावना बनी रहती थी। इस कारण परिसर में आरओ लगाया गया है ताकि फरियादियों को शुद्ध पेयजल नसीब हो सकें। फिलहाल भीषण गर्मी चल रही है, सभी लोगों को पानी की आवश्यकता पड़ रही है।

## एक वर्ष पूर्व हुई थी विकास की शादी

**हुसैनगंज (सिवान)** ~थाना क्षेत्र के हरिहांस पश्चिम टोला निवासी विकास कुमार साह की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक का माहौल कायम हो गया। स्वजनों ने बताया कि मृतक विकास कुमार दो भाई एवं एक बहन में सबसे बड़ा था। पिछले वर्ष उसकी शादी हुई थी। एक भाई और एक बहन अभी अविवाहित हैं। मृतक के पिता कन्हैया साह दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। मृत विकास किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता था, वह होली में घर आया था। उसकी मौत की सूचना मिलते ही पत्नी, मां समेत अन्य स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। मुखिया राजीव कुमार एवं उप सरपंच नंदजी यादव ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर ढाढ़स बंधाया।

## भेज रहे है स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को

### आज 19 अप्रैल को भूल न जाना वोट डालने आने को, अनोखा अंदाज में डीएम ने की अपील

**जमुई ,एजेन्सी।** जमुई लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को वोटिंग होना है। जिलाधिकारी राकेश कुमार ने बहुत ही अनोखा तरीका अपनाया और मतदाताओं से वोट करने की अपील की। उन्होंने निमंत्रण पत्र को पढ़ते हुए कहा कि भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण मतदाता तुम्हें बुलाने को, 19 अप्रैल को भूल न जाना वोट डालने आने को। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में जितने अधिक लोग मतदान करते है। उतना ही मजबूत लोकतंत्र बनता है। इसलिए लोकतंत्र के इस महापर्व में हर किसी को आगे बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

वहीं जमुई एसपी शोर्य सुमन ने कहा कि चुनाव का प्रचार प्रसार समाप्त हो चुका है। अब हमारी पहली प्राथमिकता यह होगी कि जितने भी मैरिज हॉल, होटल या अन्य जगह है। जहां पर बाहर के लोग रुक सकते है। उन सभी जगहों की जांच होगी और जीतने भी नॉन वोटर है। उनको यहां से बाहर किया जाएगा।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को ले बीडीओ ने की पंचायत सचिव एवं लेखपालों के साथ बैठक, दिए कई निर्देश

**भगवानपुर हाट (सिवान)** ~प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार विशाल ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को ले अपने कार्यालय कक्ष में पंचायत सचिव एवं लेखपालों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पंचायत स्तर पर चल रहे लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा की तथा कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बीडीओ ने सभी पंचायत सचिव एवं लेखापाल को प्रतिदिन अपने पंचायत सरकार भवन अथवा पंचायत भवन में बैठने तथा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए नियमित अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही मतदाताओं को मताधिकार के महत्व से अवगत कराने को कहा। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर पहला वोटर, महिला वोटर, बुजुर्ग वोटर तथा कमजोर वर्ग के वोटरों को मतदान के लिए जागरूक करें। बैठक में विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस मौके पर बबलू कुमार, राजीव कुमार, इरफान अंसारी, विनय कुमार, राजनाथ कुमार, अफजल इकबाल, लेखपाल सरोज प्रभाकर, कार्यपालक सहायक अभय कुमार व अन्य लोग थे।